८

रतलाम पत्रिका

मामला बगैर मंजूरी कर्मचारी रखने का


# नोटिस जारी, दिए जांच के आदेश

लगातार



पत्रिका

पत्रिका में प्रकाशित



रतलाम. नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग में बिल बनाने वाले बाबू द्वारा अपने ही बेटे को नियुक्ति देने व अन्य कर्मचारियों को बगैर मंजूरी काम पर रखने के मामले में प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

नगर निगम के सामान्य प्रशासन विभाग के उपायुक्त द्वारा समाचार प्रकाशन वाले दिन ही 30 अप्रैल को जारी नोटिस में इस बात का उल्लेख किया गया है कि पत्रिका में समाचार प्रकाशन हुआ है कि 2016 में 36 कर्मचारी रखे गए व उनको हटाया गया। इसके बाद अन्य कर्मचारी रख दिए गए। इसके लिए अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

नगर निगम में नए कर्मचारियों की भर्ती की गई। तत्कालीन समय में हुई इस भर्ती में परिषद के अभाव में प्रशासक की मंजूरी ली जाती है जो नहीं ली गई। इतना ही नहीं, बिल बनाने वाले बाबू ने अपने बेटे को भी नियुक्ति दे दी। इसके प्रकाशन के बाद अब कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर दिया गया है।

मामले में विभागीय नोटिस जारी किया गया है। जवाब मिलने के बाद नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। **- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

शिकायत

# संयुक्त संघर्ष समिति से पूछा, कब कराया पंजीयन, किस तरह हुआ

## नगर निगम ने संघर्ष समिति को कहा शिकायत का जवाब दो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

patrika.com

नगर निगम उपायुक्त के हस्ताक्षर से जारी नोटिस में इस बात का उल्लेख है कि संगठन के पंजीयन व पदाधिकारियों के बारे में जानकारी दी जाए। इसके लिए संगठन से जुड़े अमर चौहान, राम कल्याणे, विजय

कहा है कि जो लोग वर्षों से काम मांग रहे है उनको दरकिनार करके नए लोगों को काम दे दिया गया। इस नियुक्ति में भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी जांच की जाए।

जब कई दल मिलकर कोई

# मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय निरंतर जारी

रतलाम ● स्वदेश समाचार 3-5-2021

शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर श्री गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पहुंचाने का कार्य प्रतिदिन निगम द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखी जा रही है। निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सतत् निगरानी रखी जा रही है इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनिटाइजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सेनिटाइजेशन का कार्य संपादित कर रहे हैं।

2 वार्ता 21 3-5-2021

# मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाई निरंतर जारी

रतलाम(आरएनएन)। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पंहूचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखी जा रही है। नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सत्त निगरानी रखी जा रही है इसके अलावा प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनेटाईजेशन के कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सेनेटाईजेशन का कार्य संपादित कर रहे हैं। 21/51

21 (न्यूज़ ...) 3-5-2021

# मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय निरंतर जारी

3-5-21

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत् कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पंहूचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है साथ ही इस कार्य में सतत् निगरानी भी रखी जा रही है। नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के ... एवं कर्मचारियों द्वारा सत निगरानी रखी

# ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय निरंतर जारी

रतलाम. शासकीय मेडिकल कॉलेज में उपचारत कोविड-19 के मरीजों को किसी भी प्रकार से ऑक्सीजन की कमी ना हो इसके लिए कलेक्टर गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार मालवा व महावीर ऑक्सीजन से सिलेण्डर मेडिकल कॉलेज में पंहुचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा ऑक्सीजन सिलेण्डर सप्लाय के अलावा मेडिकल कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई के कार्य पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा स्वयं निगरानी रखी जा रही है। साथ ही प्रतिदिन मेडिकल कॉलेज में सेनेटाईजेशन के कार्य के लिए कर्मचारी नियुक्त किया गया है जो मेडिकल कॉलेज के अंदर व बाहर सैनेटाईजेशन का कार्य कर रहे हैं।

इधर, कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए नगरीय क्षेत्र रतलाम में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाईन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर 6 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था, उन पर 100-100 रुपए का जुर्माना कर मास्क लगाने की

15

## मेडिकल कॉलेज से रविवार को 80 व्यक्ति डिस्चार्ज हुए

**रतलाम।** मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रतलाम से स्वस्थ होकर रविवार को 80 व्यक्ति अपने घर लौटे । डिस्चार्ज होते समय इन लोगो ने कोविड के नियमो का पालन करने तथा अपने परिजनो को भी सभी नियमो का पालन कराने का संकल्प लिया। डिस्चार्ज हुए लोगों ने मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाओ पर संतोष व्यक्त करते हुए यहा के स्टाफ को धन्यवाद दिया। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में 64 नए मरीज भर्ती हुए। रविवार की स्थिति में मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 , आईसीयू बेड 56 सभी फुल है , एचडीयू में 172 बेड सभी फुल हैं। ऑक्सीजन बेड 120 सभी फुल है। नॉन ऑक्सीजन बेड 202 में से 96 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 444 पेशेंट हॉस्पिटल मे भर्ती है इनमें 296 पॉजीटिव है तथा शेष सस्पेक्टेड या ऑक्सीजन लेवल वाले हैं कुल पॉजिटिव डैथ 06 (04 रतलाम, ,01 झाबुआ,01 धार ), हॉस्पिटल में रिक्त बेड 106 है। उन्होने बताया कि मरीजों एवं उनके परिजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासो में निरंतर वृद्धि की जा रही है। 21.5 3-5-21

## मेडिकल कॉलेज से 368 लोग ठीक होकर घर पहुंचे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-5-21

जिले में कोरोना पॉजिटिव मरीजों के मिलने के साथ ही बड़ी संख्या में मरीज ठीक भी हो रहे हैं। रविवार को एक साथ 368 लोग ठीक होकर अपने घर पहुंचे। मेडिकल कॉलेज से 80 लोगों को डिस्चार्ज किया गया। वहीं होम आइसोलेशन से 262 लोगों को निगेटिव रिपोर्ट आने के बाद डिस्चार्ज दिया गया। अन्य सेंटर से 8 लोग डिस्चार्ज हुए। डिस्चार्ज के बाद सभी लोगों को दूरी बनाने, मास्क पहनने और अन्य लोगों को भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की समझाइश देने की बात कही।

3-5-21

## वैवाहिक आयोजन में वर-वधु पक्ष के 10-10 व्यक्ति ही सम्मिलित हो सकेंगे

**रतलाम।** जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों से प्रतिबंधात्मक आदेश का गंभीरता से पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार जिले में कोरोना कर्फ्यू के दौरान विवाह समारोह में वर-वधु पक्ष के अधिकतम 10-10 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। विवाह समारोह में प्रोसेशन व डीजे पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। विवाह समारोह हेतु संबंधित थाने में तीन दिवस पहले आवेदन देना अनिवार्य होगा। अंतिम संस्कार (शवयात्रा) के दौरान अधिकतम 10 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। उठावना कार्यक्रम के दौरान (चलित उठावना) अधिकतम 10 व्यक्तियों की अनुमति रहेगी। दशाकर्म एवं पगडी कार्यक्रम पूर्णत: प्रतिबंधित रहेंगे। जिले के भीतर आवागमन हेतु आटो रिक्शा,मैजिक में वाहन चालक के अतिरिक्त अधिकतम दो सवारी की अनुमति रहेगी। केवल आपातकालीन उद्देश्यों से चिकित्सा आपात स्थिति को छोड़कर दो पहिया वाहन पर एक व्यक्ति और चार पहिया वाहन पर वाहन चालक के अतिरिक्त दो व्यक्ति की अनुमति रहेगी। प्रतिबंधात्मक आदेश के अन्य सभी निर्देशों का भी पालन सुनिश्चित करें।

3-5-2021

## 4-5 अप्रैल को टीके लगवाने वालों को कलेक्टोरेट में दूसरा डोज

**रतलाम** | शहर में 4 व 5 अप्रैल को जिन लोगों ने बाल चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, घटला रेलवे अस्पताल, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, जवाहर नगर कम्युनिटी हॉल, आयुर्वेदिक अस्पताल, सिंधी गुरुद्वारा, काश्यप सभागृह में वैक्सीन लगवाई थी। उन्हें को-वैक्सीन का पहला डोज लगाया गया था। ऐसे में अब दूसरा डोज भी को-वैक्सीन का लगेगा। 28 दिन पूरे होने पर 3 मई से पुराने कलेक्टोरेट में जाकर मोबाइल नंबर बताकर को-वैक्सीन का दूसरा टीका लगवा सकते हैं।

## आज 45+ के लोगों को लगाई जाएगी वैक्सीन

**रतलाम** | जिले में सोमवार को 45 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। शहर के पावर हाउस रोड स्थित लायंस हॉल में शिविर लगेगा। वहीं, आलोट के आंबेडकर भवन, जावरा के रेडक्रॉस सोसायटी परिसर मीटिंग हॉल में सत्र लगाए जाएंगे। 45 साल से ज्यादा उम्र के लोग अपनी जन्म तारीख दर्शाने वाली आईडी लेकर सीधे केंद्र पर पहुंच सकते हैं। रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। फ्रंटलाइन वर्कर को न्यू कलेक्टोरेट परिसर में दूसरा डोज लगाया जाएगा। 18

## उल्लंघन करने पर 429 के खिलाफ कार्रवाई, 66 लोगों को अस्थायी जेल भेजा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-5-21

लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर पुलिस ने 429 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। 66 लोगों को अस्थायी जेल में भेजा। मास्क पहने बगैर घूम रहे 229 लोगों के चालान बनाए तथा 134 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की।

धानमंडी में किराना दुकान खुली मिलने पर शांतिलाल उपाध्याय (68) निवासी धानमंडी, शिवगढ़ में सेंट्रल बैंक के पास दुकान खुली मिलने पर नेहल भंडारी तथा बस स्टैंड के पास किराना दुकान खुली मिलने पर नरेंद्र उर्फ पप्पू टांक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। माणकचौक थाना प्रभारी अय्यूब खान ने बताया कुंजड़ों का वास के पास लोगों की भीड़ मिलने पर दस लोगों को अस्थायी जेल भेजा।

## 16 टन ऑक्सीजन की आपूर्ति, मेडिकल कॉलेज को 10 टन दी

### शहर में लगातार बनी हुई है ऑक्सीजन की सप्लाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-5-21

ऑक्सीजन सपोर्ट कोरोना मरीजों के लिए रविवार रात 16 टन लिक्विड ऑक्सीजन लेकर सूरत से एक और टैंकर आया। इसमें से 10 टन मेडिकल कॉलेज के टैंक में जबकि 6 टन महावीर प्लांट में खाली की गई।

गोपालचंद्र डाड खुद ऑक्सीजन सप्लाई की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। यही वजह है कि शहर में ऑक्सीजन की आपूर्ति बनी हुई है। टैंकर समय पर पहुंच जाए इसके लिए कलेक्टर ने दाहोद बॉर्डर से टैंकर को कॉलेज तक लाने के लिए पुलिस पार्टी लगा दी है। उधर प्लांट से एक्स्ट्रा सिलेंडर ले जाकर स्टॉक न कर लें।

### इधर, ऑक्सीजन प्लांट लगाने की तैयारी तेज

जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में चेतन्य काश्यप फाउंडेशन से लगने वाले पीएसए आधारित प्लांट लगाने की तैयारी तेज हो गई है। अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट 10 मई के आसपास शुरू हो सकता है। यह 30 क्यूबिक मीटर क्षमता वाले प्लांट के लिए ट्रामा सेंटर के पीछे प्लेटफॉर्म बनाकर उस पर टिन शेड बनाया जा रहा है। हालांकि प्लांट का कम्प्रेशन बनाने के लिए कंपनी को ऑक्सीजन नहीं मिल रही है। उधर चेतन्य काश्यप फाउंडेशन से मेडिकल कॉलेज में लगने वाले 57 क्यूबिक मीटर का प्लांट लगाने इंजीनियर मुआयना कर चुके हैं।

3-5-2021

(1)

# 112 होम आइसोलेट मरीजों को बांटी मेडिसिन किट

## नगर निगम को गलत पते से आ रही दिक्कत

भास्कर संवाददाता | रतलाम 3-5-2021

कोरोना पॉजिटिव होकर होम आइसोलेट मरीजों तक नगर निगम की टीम लगातार मेडिसिन किट पहुंचा रही है।

रविवार को 112 मरीजों को किट बांटी गई। ई-दक्ष केंद्र से 142 मरीजों की सूची मिली थी। 112 मरीज घर पर मिले, जबकि 11 अस्पताल में भर्ती थे। 5 मरीजों के कांटेक्ट नंबर और पते गलत मिले। इसके अलावा 9 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर के पाए गए। 10 मरीजों को किट पहले ही मिल गई थी।

### मेडिकल कॉलेज तक पहुंचा रहे सिलेंडर

मेडिकल कॉलेज में भर्ती कोविड-19 मरीजों के लिए नगर निगम का अमला लगातार ऑक्सीजन सिलेंडर पहुंचा रहा है। इसके लिए मालवा व महावीर ऑक्सीजन प्लांट पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये टीम हर रोज सिलेंडर मेडिकल कॉलेज पहुंचा रही है। मॉनिटरिंग खुद आयुक्त सोमनाथ झारिया कर रहे हैं। इसके अलावा कॉलेज के सुविधाघरों की सफाई भी नगर निगम कर रहा है।

दैनिक भास्कर 3-5-2021

परेशानी

# कैसे मिले दवाइयां: मरीजों के गलत नंबर कर रहे नगर निगम कर्मचारियों को परेशान

## मामला नगर निगम द्वारा कोरोना किट देने घर जाने का



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 3-5-2021

रतलाम. कोरोना के वे मरीज जो घर पर रहकर इलाज करवा रहे हैं उनको नगर निगम द्वारा जरूरी दवाओं की किट घर पर ही उपलब्ध करवाई जा रही है। इनमे सबसे अधिक परेशानी उन मरीजों की तलाश में आ रही है जो गलत नंबर दे रहे हैं। ऐसे में कर्मचारी पहले तो पूरे मोहल्ले में उनकी तलाश करते हैं, जब मरीज नहीं मिलते है तो दवाओं को वापस ला रहे हैं।

नगर निगम ने 20 अप्रैल से शहर में कोरोना की कीट देने की शुरुआत की है। अब तक शहर के सभी 49 वार्ड में दवाओं का वितरण किया जा चुका है। निगम के जो कर्मचारी इस कार्य में लगे है उनके कार्य की समीक्षा प्रतिदिन नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व प्रशासक गोपालचंद्र डाड कर रहे हैं। इन कर्मचारियों को सबसे बड़ी समस्या यह आ रही है कि कुछ लोग कोविड की जांच में भी अपने मोबाइल नंबर गलत दे रहे है। ऐसे में इनको तलाशना ही सबसे बड़ी चुनौती है।

अब तक 70 नहीं मिलेनगर निगम ने दवाओं का वितरण 20 अप्रैल से शुरू किया तब से अब तक 70 लोग ऐसे है जो निगम के कर्मचारियों को मिले ही नहीं। इनकी तलाश अब तक जारी है। निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के नेतृत्व में यह कार्य चल रहा है।

नगर निगम के कर्मचारी घर घर जाकर जरुरत अनुसार कोविड के मरीज को दवाओं का निशुल्क वितरण कर रहे है। ऐसे में परेशानी यह आ रही है कुछ ने अपने मोबाइल नंबर गलत दिए है। आमजन से आग्रह है कि अपने सही नंबर दे। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 3-5-2021

# होम आईसोलेशन के 112 मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की। ई-दक्ष केन्द्र रतलाम से 02 मई रविवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 142 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 112 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 11 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 5 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 9 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 10 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया। नवभारत 3-5-2021

नवभारत 3-5-2021

# होम आईसोलेशन मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण किया

## 112 मरीजो को मेडिसिन किट का लाभ मिला

रतलाम। कोविड-19 संक्रमण में होम आईसोलेशन के मरीजो को मेडिसिन किट व स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों की प्रति की होम डिलेवरी किये जाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा वार्ड वार गठित दलों द्वारा मरीजो के घर जाकर मेडिकल किट प्रदान की।

ई-दक्ष केन्द रतलाम से 02 मई रविवार को होम आईसोलेशन के मरीजो की सूची स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 142 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलो वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई।

वार्ड वार गठित दलो द्वारा होम आईसोलेशन के मरीजो के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 112 मरीजो को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 11 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 5 मरीजो के कान्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाये गये तथा 9 मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया व 10 मरीजो को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया। राज 3-5-2021

राजएक्सप्रेस 3-5-2021

(13)

## 7 मई सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगी किराना दुकानें

# कोरोना संक्रमण रोकने के लिए आज शाम 5 बजे से किराना लॉकडाउन

### आज और कल सब्जी व फल भी शहरवासियों को नहीं मिल सकेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-5-2021

कोरोना की चेन को रोकने के लिए अब शहर में किराना लॉकडाउन की घोषणा हो गई। सोमवार शाम 5 बजे से शहर की सभी किराना दुकानें बंद हो जाएंगी जो 7 मई की सुबह 6 बजे तक बंद रहेंगी। इस दरमियान ना तो आसपास से आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के कारोबारियों को किराना सामान दिया जाएगा और ना ही होम डिलेवरी दी जाएगी। वहीं सोमवार व मंगलवार को फल-सब्जी चलित रूप से नहीं बेची जा सकेगी।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत और सीएसपी रविवार शाम 6 बजे धानमंडी पहुंचे। यहां किराना व्यापारियों से चर्चा की। करीब आधे घंटे चली चर्चा के दौरान कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए आज शाम 5 बजे से 7 मई की सुबह 6 बजे तक किराना दुकानें बंद रखने पर चर्चा हुई। रोजाना सुबह 6 से 9 बजे तक ग्रामीण क्षेत्रों के कारोबारियों को किराना सामान की आपूर्ति की जाती है। लेकिन यह भी बंद रहेगी। वहीं सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किराना व्यापारियों द्वारा शहर में होम डिलीवरी की जाती है यह भी बंद रहेगी। इस दरमियान कोई दुकान खुली मिली तो जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा। थोक किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी ने बताया कि कोरोना का देखते हुए यह फैसला लिया है। सभी व्यापारियों से गुजारिश की है कि उक्त नियम का पालन करें और किसी प्रकार का कोई कारोबार ना करें ताकि हम सभी मिलकर कोरोना की चेन को तोड़ सकें। जिला प्रशासन और किराना व्यापारी संघ ने लोगों से गुजारिश की है कि इसमें सहयोग करें और घरों में ही रहें और बिलकुल बाहर ना निकलें। इस मौके पर संघ के राजेंद्र राठौड़, संजय पारख, राजेश सियाल, जगदीश मंत्री, विजय मालवीय, दिलीप पावेचा, रवि अग्रवाल, मनोज पोपटानी, अजय भंडारी, विनोद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अचल जैन, आशीष मुंदड़ा सहित व्यापारी चर्चा के दौरान मौजूद थे।

### दुकानें खुलने पर होगी कार्रवाई, होम डिलीवरी भी नहीं कर सकेंगे

थोक किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने बताया चूंकि किराना लॉकडाउन की घोषणा हुई है। इससे होम डिलीवरी के ऑर्डर बढ़ेंगे लेकिन इस बार होम डिलीवरी के लिए किराना दुकानों की संख्या पिछले साल से ज्यादा है। प्रशासन के आदेश के चलते इस बार होम डिलीवरी भी नहीं की जा सकेगी। हां, सोमवार को मौजूदा ऑर्डर की डिलीवरी कर सकेंगे। मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को किराना का होलेसेल, रिटेल और होम डिलीवरी पूरी तरह से बंद रहेगी। किराना दुकानें खुली रखने की स्थिति में प्रशासन संबंधित दुकानदार पर कार्रवाई करेगा। वहीं फल-सब्जी के ठेले भी सोमवार व मंगलवार को बंद रहेंगे।

दै. भास्कर 3-5-2021

# अनावश्यक घूम रहे लोगों का रेण्डम कोविड सैंपल लेना शुरू

3-5-2021

रतलाम ● स्वदेश समाचार

कोरोना कर्फ्यू के दौरान प्रतिबंधात्मक आदेश का सख्ती से पालन करवाया जा रहा है इसलिए किसी तरह निर्देशों की अवहेलना न करें। कोरोना कर्फ्यू की अवधि के दौरान अनावश्यक रूप से घूम रहे व्यक्ति ,नागरिक को सड़कों पर चेकिंग के दौरान मिलने पर पुलिस, नगर निगम,नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग आदि दल द्वारा रेण्डम कोविड सैम्पल लिया जा रहा है।

प्रतिबंधात्मक आदेश में दिए निर्देशों के अनुसार औद्योगिक इकाइयां खुली रहेंगी किन्तु इकाइयों में कार्यरत कर्मचारियों ,श्रमिकों आदि को संबंधित एसडीएम कार्यालय से पास प्राप्त करने होंगे। उद्योग संचालक द्वारा कार्यरत श्रमिकों को मास्क पहनना, सोशयल डिस्टेंसिंग का पालन करना, साथ ही हाथ धोने की समुचित व्यवस्था की जाना अनिवार्य होगा। किसी उद्योग में कार्यरत श्रमिक कोविड संक्रमित पाए जाने पर उद्योग संचालन बंद कर दिया जाएगा।

शहरी क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन गतिविधियां शासकीय कार्य को छोड़कर अन्य निजी कार्य हेतु कार्यरत श्रमिकों को परिसर में ही रहकर कार्य करने की अनुमति रहेगी। ठेकेदार अपने स्थायी कर्मचारी लेकर निर्माण कार्य शर्तों के अधीन कर सकेंगे।

इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, कारपेंटर आदि को केवल होम डिलीवरी कार्य जैसे रिपेयर एवं सर्विस करने की प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक छूट प्रदान की गई है।

उक्त कार्य हेतु संबंधित को एसडीएम कार्यालय से पास प्राप्त करने होंगे तथा उन्हें कोविड की जांच करवाकर आरटीसीपीआर रिपोर्ट अपने साथ रखना अनिवार्य होगा। प्रतिबंधात्मक आदेश में दिए अन्य निर्देशों का पालन भी सुनिश्चित किया जाए।

स्वदेश 21 3-5-21

# आज शाम से 7 मई की सुबह तक किराना दुकानें भी रहेगी बंद

रतलाम. जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए अब थोक किराना व्यापारी संघ ने सोमवार शाम 6 बजे से 7 मई की सुबह 6 बजे तक थोक, रिटेल, होम डिलीवरी को बंद करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय शहर एसडीएम और सीएसपी के साथ हुई बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। व्यापारियों की माने तो शुक्रवार से किसी प्रकार की परेशानी का उपभोक्ताओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। यह जानकारी थोक किराना एवं जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी ने दी। तो दूसरी ओर प्रशासन द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी जमुना भिडे ने पूर्व में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन किया है। संशोधन अनुसार जिले में सब्जी एवं फल विक्रेताओं (फेरीवाले ) को 3 एवं 4 मई को ( सब्जी एवं फल मंडी सहित) पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। पूर्व में इन लोगों को घर-घर जाकर चलित रूप से विक्रय करने की अनुमति प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक दी गई थी। इसके अतिरिक्त शहरी क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन गतिविधियां, शासकीय कार्य को छोड़कर, अन्य सभी निजी निर्माण कार्य 7 मई तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। पत्रिका 3-5-21

पत्रिका 3-5-2021

# कल से तीन दिन किराना दुकानें भी पूरी तरह बंद

3-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। किराना दुकानों को सुबह चार घंटे खुला रखने पर रोक लगाते हुए दो दिन पहले सिर्फ होम डिलिवरी की ही अनुमति दी गई थी, लेकिन अब थोक किराना व्यापारी संघ ने मंगलवार से शुक्रवार सुबह छह बजे तक सभी किराना दुकानें पूर्ण रूप से बंद रखने का निर्णय किया है। इस दौरान होम डिलीवरी भी नहीं होगी।

रविवार को एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान के साथ हुई बैठक में संघ ने सर्व सहमति से निर्णय लिया है कि सोमवार को होम डिलीवरी चालू रहेगी और मंगलवार से शुक्रवार प्रातः 6 बजे तक रतलाम शहर का संपूर्ण किराना व्यापार (थोक, रिटेल, होम डिलीवरी) बंद रखा जाएगा। थोक किराना व जिला व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज झालानी ने बताया कि कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए लोग घरों में ही रहें। इस निर्णय से बाजार में आवाजाही कम होगी और संक्रमण फैलने से रोकने में मदद मिलेगी।

### फल, सब्जी विक्रेताओं पर भी रोक

तीन व चार मई को (सब्जी एवं फल मंडी सहित) फेरी पर सब्जी, फल बेचना भी पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में संशोधित आदेश जारी किए गए हैं। इसी तरह शहरी क्षेत्र में कंस्ट्रक्शन गतिविधियां, शासकीय कार्य को छोड़कर, अन्य सभी निजी निर्माण कार्य 7 मई तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

नईदुनिया 3-5-21

# तीन गायों को गोशाला भिजवाया

**रतलाम।** जैन सोशल ग्रुप संगिनी रतलाम ग्रेटर के सहयोग से संगिनी जीवदया द्वारा तीन गाय को अभय दान दिलवाते हुए त्रिवेणी गोशाला में लालन-पालन हेतु भिजवाया गया। मानव सेवा के रूप में रंभा बेन शाह डायलिसिस सेंटर बोरीवली मुंबई पर भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर संगिनी परिवार की ओर से निशुल्क डायलिसिस किया गया। इस मानव सेवा के कार्य हेतु संगिनी जीवदया के माध्यम से आर्थिक सहयोग किया गया। ग्रुप में बच्चों के लिए आनलाइन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। हनुमान जयंती पर निबंध प्रतियोगिता रखी गई। इसमें सदस्याओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संगठन मंत्री रेखा लुणावत, अध्यक्ष सारिका जैन, सचिव मनीषा कोठारी आदि उपस्थित थे।

नई दुनिया। 3-5

नई दुनिया

3-5-2021

# निगम ने तीन ट्रांसफर स्टेशनों को किया बंद

रतलाम। निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से एकत्रित किये गये गीले व सूखे कचरे को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अमृत सागर, पोलोग्राउण्ड, ईश्वर नगर ट्रांसफर स्टेशनों पर नहीं ले जाते हुए सीधे बिरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन पर ले जाया जायेगा। निगम आयुक्त श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी, कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर व हैल्परों को निर्देशित किया है कि वे घर-घर से एकत्रित किये गये गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक अवस्था में अमृत सागर, पोलोग्राउण्ड, ईश्वर नगर ट्रांसफर स्टेशनों पर नहीं ले जाते हुए सीधे बिरियाखेड़ी ट्रांसफर स्टेशन पर ले जाया जायेगा जहां 1 काम्पेक्टर में गीला व दूसरे काम्पेक्टर में सूखा कचरा डाला

दवा-इंजेक्शन व उपकरण उपलब्ध कराने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं, लेकिन आगे से आपूर्ति कमजोर होने से पर्याप्त सामग्री नहीं मिल पा रही है।

देश-प्रदेश के साथ जिले में कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर में शासन-प्रशासन द्वारा कई तरह की बंदिशें लगाई गई हैं। इसके बाद भी संक्रमण की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है। हर दिन अलग-अलग क्षेत्रों से नए संक्रमित सामने आ रहे हैं। लाकडाउन में कई तरह के व्यवसाय पूरी तरह ठप हैं। केवल किराना, दूध सहित अन्य जरूरी व्यवसाय गाइड-लाइन अनुसार किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य व्यावसायिक गतिविधियां मुश्किल दौर से गुजर रही हैं, वहीं दवा बाजार ऐसा सेक्टर बन गया है, जहां कारोबार में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। विशेषकर उन चीजों की जिनकी कुछ साल पहले तक खरीदारी नहीं के बराबर होती थी। इन दिनों दवा बाजार में

## कोरोना दवाइयों की मांग भी बढ़ी

व्यवसायियों के अनुसार कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव के कारण इन दिनों दूसरी दवाओं की अपेक्षा कोरोना संबंधित दवाओं की मांग काफी बढ़ गई है। दुकान पर 70 फीसद से अधिक ग्राहक कोरोना के उपचार में उपयोग आने वाली दवाएं लेने पहुंच रहे हैं। बीते साल की तुलना में कारोबार में भी वृद्धि हुई है। इस साल कोरोना दवाइयों की मांग के साथ ही आयुर्वेदिक दवाइयां, काढ़ा आदि की मांग में भी जबरदस्त इजाफा हुआ है।



## आक्सीजन सिलिंडर की मांग में इजाफा





कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभावों के कारण इन दिनों छोटे आक्सीजन सिलिंडर की मांग भी काफी बढ़ने लगी है। अस्पतालों व कोविड सेंटरों के साथ ही लोग घरों में छोटे आक्सीजन सिलिंडर भी ले जा रहे हैं, ताकि आक्सीजन लेवल कम होने पर कोई समस्या न आए। यह देखा भी जा रहा है कि कोरोना के जितने भी मरीज आ रहे हैं, उनमें से पचास फीसद मरीज को आक्सीजन सिलिंडर की जरूरत पड़ रही है।



नमन पोरवाल

कोरोना की पहली लहर केवल शहरों तक सीमित थी। अब दूसरी लहर से गांव-कस्बे भी चपेट में आ रहे हैं। हालात बद से बदतर ना हो इसके लिए सरकार को एक्शन प्लान बनाना चाहिए। साथ में नागरिकों को भी शासन के नियमों का पालन कर मुंह पर मास्क लगाते हुए दो गज की दूरी का पालन करना चाहिए। पात्र लोगों को टीका जरूर लगवाना चाहिए।

**- नमन पोरवाल, छात्र, सोमवारिया जावरा**



गौतम धारीवाल

कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ता जा रहा है। जरूरी है कि हम सतर्कता से रहें। कोविड 19 के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। खांसी, सर्दी, बुखार होने पर तत्काल अपनी जांच कराएं। थोड़ी-सी भी लापरवाही आपके जीवन को खतरे में डाल सकती है। सभी को मुंह पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए।

**-गौतम धारीवाल, छात्र, गांधी कालोनी जावरा**



बाले खान

रहें। शारीरिक दूरी बनाए रखें और अफवाहों पर बिलकुल ध्यान नहीं दें। टीका लगवाना बहुत जरूरी है। ध्यान रहे आप किसी का सहारा है, जीवन अमूल्य है, इसकी कद्र कीजिए।

**- बाले खान, संचालक, अबु सईद लंगर खाना, जावरा**



बाबूलाल कोठारी

कोरोना महामारी की भयावहता को हर व्यक्ति को समझना होगा। जरा-सी लापरवाही बड़ा संकट पैदा कर सकती है। लापरवाही न करते हुए मास्क लगाएं। दो गज की दूरी के नियम का पालन करें। साथ ही सरकार द्वारा जारी गाइड-लाइन का कड़ाई से पालन करें।

**- बाबूलाल कोठारी, समाजसेवी, जावरा**



विभा संघवी

कोरोना गाइड-लाइन का पालन नहीं करना भारी पड़ रहा है। मास्क लगाना और दो गज की दूरी का पालन करना जरूरी है। **- विभा संघवी, गृहणी, जावरा**

11477

स्वस्थ हुए


9411

मौत

200

सक्रिय मरीज

1866



नई दुनिया

3-5-2021

5

# सीवरेज लाइन डालने के बाद नहीं की सड़क की मरम्मत



भाटी का वास मार्ग पर सीवरेज की खोदाई के बाद डामरीकरण नहीं किया गया।

3-5-2021

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में सीवरेज पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है। करीब छह माह पहले वार्ड 47 में हरदेवलाला की पीपली चौराहे से भाटों का वास वाले मार्ग में सड़क के मध्य खोदाई के बाद पाइप लाइन डालकर मिट्टी भर दी, लेकिन डामरीकरण नहीं किया।

हालात यह है कि बारिश में कीचड़ की समस्या रही तो अब मिट्टी-गिट्टी फैलने से वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। शहर के कई अन्य क्षेत्रों में इसी तरह से लोग परेशान हो रहे हैं। वार्डवासियों ने ठेकेदार से सड़क की मरम्मत के लिए कई बार कहा, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। पाइप लाइन बिछाने के बाद खोदी जगह को पुनः सीसी या डामरीकरण करने का प्रविधान है, लेकिन ठेकेदार मनमानी कर रहा है। कांग्रेस नेता इक्का बैलूत ने बताया कि कई जानकारी देने के बाद मरम्मत नहीं कराई जा रही है। पेय जल पाइन लाइन भी फूटी है, जिससे वहां पानी भी भर जाता है। इससे लोग परेशान हो रहे हैं।

नई दुनिया 3-5-2021

# खेतलपुर में निर्मित सीवरेज एसटीपी प्लांट की शीघ्र होगी टेस्टिंग

रतलाम ● स्वदेश समाचार 3.5

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम गोपालचन्द्र डाड के निर्देशानुसार नगर के नागरिकों

## मंगलवार को लगेगा मीटरींग इक्यूपमेंट

दे दिया गया है। विद्युत विभाग रतलाम इंदौर के सेन्ट्रल स्टोर से

एसटीपी प्लांट के विद्युत का कार्य प्रारंभ है जो 8 से 10 दिनों में पूर्ण

# कोरोना की जांच के लिए दिए सौ करोड़

## समीक्षा ● मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, राशि की नहीं आना चाहिए कमी

**200** करोड़ उपयोग करने की मिली अनुमति विभाग को


**282** करोड़ रुपये के प्रस्ताव स्वीकृत किए हैं अभी

**100** करोड़ रुपये कोरोना जांच पर होंगे खर्च

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। कोरोना की जांच के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग को सौ करोड़ रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा लगभग 500 करोड़ रुपये कोरोना की रोकथाम के लिए प्रचार-प्रसार, उपचार, संविदा अमले के वेतन-भत्ते और पथ विक्रेताओं के खातों में जमा करने के लिए अतिरिक्त तौर पर दिए गए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कोरोना से लड़ाई के लिए बजट की कमी न आने दी जाए। वित्त विभाग ने भी स्पष्ट कर दिया है कि इसके लिए यदि जरूरत पड़ी तो कुछ विभागों के बजट में कटौती भी की जा सकती है।

कोरोना संकट से निपटने के लिए स्वास्थ्य के अलावा चिकित्सा शिक्षा और राजस्व विभाग प्रत्यक्ष रूप से राशि खर्च कर रहे हैं। स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग को नियमित बजट के अलावा अतिरिक्त राशि भी उपलब्ध कराई गई है। इसमें स्वास्थ्य विभाग को वर्ष 2020-21 के लगभग दो सौ करोड़ रुपये का उपयोग करने की अनुमति वित्त विभाग ने दी है।

इसके अलावा 282 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को हाल में स्वीकृति दी गई है। इसमें से सौ करोड़ रुपये कोरोना से जुड़ी जांच पर खर्च किए जाएंगे। संविदा आधार पर जो स्टाफ रखा गया है, उसके वेतन-भत्ते के लिए बीस करोड़ रुपये रखे गए हैं। वित्त विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समीक्षा के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए जो राशि मांगी जाए, वो परीक्षण के बाद तत्काल उपलब्ध कराई जाए। कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए बजट की कमी आड़े नहीं आनी चाहिए। यही वजह है कि स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा के प्रस्ताव को हाथों-हाथ स्वीकृति दी गई।




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना की रोकथाम के लिए मंत्री एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा की। ● जनसंपर्क विभाग

### चाय, नाश्ता और भोजन के लिए 22 करोड़ रुपये

बैठक में बताया गया कि होम आइसोलेशन में इंतजाम न होने की वजह से कोविड केयर सेंटर में रहकर इलाज कराने वाले संक्रमितों के भोजन, चाय और नाश्ते के लिए 22 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। ऑक्सीजन खरीद के लिए 28.50 करोड़ रुपये दोनों विभागों को आवंटित किए गए हैं। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग ने आगामी तीन माह के लिए राशि मांगी थी, जो मंजूर कर दी गई है। वहीं, नगरीय विकास एवं आवास विभाग को पथ विक्रेताओं के खातों में एक-एक हजार रुपये खातों में देने के लिए सौ करोड़ रुपये से अधिक मंजूर किए गए हैं। उधर, केंद्र सरकार ने भी परिस्थितियों को देखते हुए जीएसटी सहित अन्य मदों में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि राज्य सरकार को उपलब्ध कराई है।

नई दुनिया 3-5-2021


## मुख्यमंत्री ने ली कोर ग्रुप के सदस्यों की बैठक, प्रदेशवासियों से कहा

# थोड़े लक्षण दिखते ही इलाज लें

### टेस्ट करवाते समय ही मेडिकल किट दी जाए

भोपाल, (प्रस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना की शुरुआत पर ही इलाज प्रारंभ कर दिए जाने से यह पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है, परंतु विलंब घातक हो सकता है। अतः थोड़े भी लक्षण दिखने पर तुरंत जांच की जाए तथा जांच के समय ही व्यक्ति को मेडिकल किट भी दें, जिससे कि उपचार प्रारंभ हो सके। लापरवाही बिल्कुल न करें, थोड़े लक्षण दिखते ही इलाज लें। श्री चौहान शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना कोर ग्रुप के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में संबंधित मंत्रीगण तथा अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-घर सर्वे कर मरीजों की पहचान की जाए तथा सर्दी, जुकाम बुखार आदि लक्षण होने पर मेडिकल किट देकर इलाज प्रारंभ कर दिया जाए। 'अर्ली डिटेक्शन एंड क्योर' की रणनीति पर चलते हुए हम प्रत्येक कोरोना मरीज को स्वस्थ कर सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार मध्यप्रदेश कोरोना पीक से नीचे आ रहा है।




भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हाउस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोविड-19 की रोकथाम एवं व्यवस्थाओं की कोर ग्रुप के मंत्री एवं अधिकारियों के साथ समीक्षा की।

### प्रदेश में 88,511 एक्टिव प्रकरण

प्रदेश में अब कोरोना के 88 हजार 511 एक्टिव प्रकरण हैं। पिछले 24 घंटे में एक्टिव प्रकरणों में 2285 की कमी आई है, 12 हजार 379 नए प्रकरण आए हैं, वहीं 14 हजार 562 मरीज ठीक हुए हैं। हमारी पॉजिटिविटी रेट 20.3 फीसदी हो गई है तथा साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 22 फीसदी है। श्री चौहान ने निर्देश दिए कि होम आइसोलेशन में उपचाररत मरीजों को दिन में कम से कम एक बार डॉक्टर आवश्यक रूप से फ़ोन करके सलाह दें।

### अब पीक से नीचे आ रहा है मध्यप्रदेश

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर डॉ. महेंद्र अग्रवाल द्वारा किए गए केस प्रेडिक्शन के अनुसार मध्यप्रदेश अपने कोरोना पीक पर पहुंच गया है। अब मामले कम हो रहे हैं।

### ऑक्सीजन की निरंतर आपूर्ति

सीएम ने बताया कि प्रदेश में ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति निरंतर हो रही है। प्रदेश को 589 एमटी ऑक्सीजन का कोटा मिल रहा है। 30 अप्रैल को 465 एमटी, एक मई को 489 एमटी ऑक्सीजन सप्लाई रही तथा 2 मई के लिए 503 एमटी आपूर्ति का अनुमान है। प्रदेश के सभी जिलों में कुल 58 नए ऑक्सीजन प्लांट लगाये जा रहे हैं। श्री चौहान ने कार्य को गति दिए जाने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय हिन्दी मेल 3-5-2021

# फायर लारी व हैंड मशीन से कर रहे सैनिटाइज



रतलाम के रहवासी क्षेत्र में सैनिटाइजेशन करते हुए निगम कर्मचारी। ● नईदुनिया

3-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए कलेक्टर व प्रशासक नगर निगम गोपालचंद्र डाड तथा निगमायुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार विभिन्न वाहनों के माध्यम से सोडियम हाईपोक्लोराइड से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है।

साथ ही माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्रों में भी हैंड मशीन से सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा प्रतिदिन फायर लारी व ट्रैक्टर से नगर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों, गलियों, भवन आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर एक लाख लीटर पानी से सैनिटाइज किया जा रहा है। रविवार को फायर लारी व ट्रैक्टर से मेडिकल कालेज, माली कुआं, शांति नगर, अलकापुरी, रिद्धि-सिद्धि कालोनी, डोंगरे नगर, विरियाखेड़ी, मुखर्जी नगर, बसंत कालोनी, अमृत सागर कालोनी, हरमाला रोड, सैफी नगर सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सैनिटाइजेशन किया गया। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैंड मशीन के माध्यम से मेडिकल कालेज, माइक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष कार्यालय, नगर निगम कार्यालय सहित शासकीय कार्यालयों आदि को सैनिटाइज किया गया।

नईदुनिया 3-5-2021

गलियों, भवन आदि को 1 प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड मिलाकर 1 लाख लीटर से सेनिटराइज किया जा रहा है। इसके अलावा 14 व्यक्तियों की टीम द्वारा हैण्ड मशीन के माध्यम से मेडिकल कॉलेज, माईक्रो कंटेनमेंट क्षेत्र, कलेक्टोरेट, ई-दक्ष

मेडिकल किट का वितरण किया गया जिसके तहत सूची अनुसार 92 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर पर किया गया। 12 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया, 8 मरीजों के कॉन्टेक्ट नम्बर व पते गलत पाए गए तथा 8 मरीज

**अनंत यात्रा से अनंत पीड़ा** • आज खबर में ऐसे परिवारों का दुख जिनके लिए अपनों की मौत का पहाड़ टूटा

# त्रासद : महामारी से 200 जिंदगियां हारीं

# ॐ शांति : जिस अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए थे, नहीं पता था दुनिया से विदा भी एक साथ होंगे

## परिवार में काल बना कोरोना, सीधे आईसीयू में शिफ्ट हो रहा पूरा का पूरा परिवार, एक की मौत की खबर दूसरे को नहीं दे रहे, ताकि सदमा ना लगे

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

रतलाम | ॐ शांति... शांति... शांति... अंतिम यात्रा पर जाते समय यह शब्द सुनाई देता है। इन दिनों मुक्तिधाम और सोशल मीडिया के ग्रुप में यह शब्द और ध्वनि दारुण बन चुके हैं। कोरोना ने अब परिवार को तोड़ना शुरू कर दिया है। शहर में कई ऐसे परिवार हैं, जहां कोरोना एक से ज्यादा सदस्यों के प्राण लील चुका है। कोरोना का कहर एक परिवार पर तो ऐसा टूटा कि जिस अग्नि को साक्षी मानकर दंपती ने सात फेरे लिए थे, विदा भी एक अग्नि में ही हुए। पढ़ें.... कोरोना ने किस तरह परिवार को तोड़ा...

### 1 पति की मौत के कुछ देर बाद ही पत्नी ने दम तोड़ा, बेटी ने दी मुखाग्नि, 14 दिन बाद बेटे को बताया - माता-पिता नहीं रहे

पीएंडटी कॉलोनी के एक परिवार पर कोरोना कहर बनकर टूटा है। 12 अप्रैल को राजकुमार दीक्षित (74) और प्रकाश दीक्षित (70) को मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। उनके दामाद हिमांशु जोशी ने बताया 16 अप्रैल को कॉलेज की अव्यवस्था के कारण ससुर राजकुमार दीक्षित ने दम तोड़ दिया। सासु मां प्रकाश दीक्षित इस दर्द को सहन नहीं कर सकी, कुछ देर में उन्होंने भी दम तोड़ दिया। उनका बेटा दिनेश दीक्षित (39) भी उस दौरान आईसीयू में भर्ती था। ऐसे में उन्हें मौत की सूचना नहीं दी, बेटी अर्चना जोशी ने ही मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया। पति और पत्नी के शव को एक ही चिता पर रखा गया था। 14 दिन बाद 30 अप्रैल को बेटा दिनेश दीक्षित अस्पताल से घर लौटा... तब उन्हें बताया कि मां-पिता नहीं रहे।



एक ही चिता पर हुआ अंतिम संस्कार। इनसेट-राजकुमार-प्रकाश दीक्षित।

### 2 13 दिन में टूट गया परिवार... मां और पिता की मौत, आईसीयू में बेटा

पावर हाउस रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप... शायद ही किसी से अनजाना है। इस पंप के मालिक वाधवा परिवार पर कोरोना कहर बनकर टूटा। खुशहाल परिवार सिर्फ 13 दिन में ही टूट गया। तबीयत खराब होने पर सतबीर सिंह वाधवा और परमजीत कौर वाधवा को मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। बेटे सरबजीतसिंह वाधवा ने बताया 26 मार्च को संशय होने पर कोरोना की जांच करवाई थी, 28 मार्च को रिपोर्ट आई थी, जिसमें परिवार के तीन लोग मां, पिता और मैं पॉजिटिव थे। परिवार में 6 लोग हैं बाकी सभी स्वस्थ थे। पिता का ऑक्सीजन लेवल कम हो रहा था, मेडिकल कॉलेज के आईसीयू से उन्हें इंदौर के अस्पताल में शिफ्ट किया। लेकिन 6 अप्रैल को उनकी मौत हो गई। मां की हालत लगातार सीरियस बनी हुई थी, 19 अप्रैल को मां ने भी साथ छोड़ दिया। उस दौरान मैं आईसीयू में ही था, अब परिवार स्वस्थ है... लेकिन, टूट चुका है।



सतबीर सिंह वाधवा व परमजीत कौर वाधवा


### 3 पहले पत्नी, फिर 24 घंटे बाद पति ने तोड़ा दम, अब घर में कोई नहीं


मुखर्जी नगर का एक परिवार कोरोना का ऐसा शिकार हुआ कि सिर्फ 24 घंटे में ही पति और पत्नी की मौत हो गई। हां, जिसने भी सुना, वह स्तब्ध रह गया। शक्तिनगर में लोकेंद्रसिंह राठौर और मधुबाला राठौर रहते थे। लोकेंद्र सिंह नौकरी करते थे, वहीं मधुबाला गृहिणी थीं। इनके भतीजे शक्ति सिंह ने बताया बुआ-फूफा की दो बेटियां हैं, जिनकी रतलाम में ही शादी हुई। बेटियों की शादी होने के बाद दोनों पति-पत्नी घर में अकेले ही रहते थे। तबीयत खराब थी, सामान्य समझकर शुरुआत में डॉक्टर को नहीं दिखाया। 22 अप्रैल की रात को दोनों की तबीयत ज्यादा बिगड़ी... ऐसे में जिला अस्पताल गए। दोनों शुगर के मरीज थे, ऑक्सीजन लेवल कम हो रहा था। 24 अप्रैल को बुआ मधुबाला ने दम तोड़ दिया। फूफा को मेडिकल कॉलेज में शिफ्ट किया गया लेकिन 25 अप्रैल को उन्होंने भी दम तोड़ दिया। अब घर सूना हो गया है।



लोकेंद्र सिंह और मधुबाला।

**कोरोना काल में पॉजिटिव और मौतें**



7

# लॉकडाउन में बिना मास्क घूम रहे 6 व्यक्तियों पर निगम ने जुर्माना लगाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

3-5-2021

लॉकडाउन में भी बिना मास्क के घूम रहे व्यक्तियों पर जुर्माना की कार्रवाई नगर निगम ने फिर तेज कर दी है।

रविवार को ऐसे ही 6 व्यक्तियों पर स्पॉट फाइन दल ने जुर्माना लगाया। स्पॉट फाइन दल ने यह कार्रवाई सैलाना रोड, दो बत्ती पर की। प्रत्येक व्यक्ति से 100 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया। इतना ही नहीं आयुक्त झारिया ने खुले में गंदगी करने और प्रतिबंधित पॉलीथिन का विक्रय व उपयोग करने वालो पर कार्रवाई के लिए स्पॉट फाइन दल बना दिया है। कोई व्यक्ति दल को सूचना दे सकता है। दल प्रभारी उप स्वच्छता पर्यवेक्षक विराट मेहरा (9770326691) को बनाया गया है। इसके अलावा मनोज टांक (7000848456), पवन झांझोट (7000128812), आकाश शिंदे (9424075393), राकेश ललावत (7000128812) को भी सूचना देने पर तत्काल कार्रवाई होगी।



सैलाना रोड पर जुर्माना वसूलता दल।

दै. भास्कर 3-5-2021

# मास्क नहीं लगाने वाले छह लोगों पर जुर्माना



राम मंदिर क्षेत्र में जुर्माना वसूलते हुए निगमकर्मी। • नईदुनिया 3-5-21

रतलाम। कोरोना संक्रमण को रोकने हेतु नगरीय क्षेत्र में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पाट फाइन दल द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर छह व्यक्ति द्वारा मास्क नहीं लगाने पर 100-100 रुपये का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई।

नई दुनिया 3-5-2021

# मास्क नहीं लगाने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

नगरीय क्षेत्र में मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाइन दल द्वारा जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। स्पॉट फाइन दल द्वारा सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी, टीआईटी रोड, डाट की पुल, दो बत्ती क्षेत्र में 11 ऐसे व्यक्ति जिन्होंने मास्क नहीं लगाया था उन पर 100-100 रुपए का जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाइश दी गई।



# निगम के दल ने किया मास्क नहीं लगाने वाले 6 पर जुर्माना

मास्क नहीं लगाने वाले व्यक्तियों पर नगर निगम के स्पॉट फाइन दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर 6 ऐसे व्यक्ति

# प्रदेश में नौ मई तक जारी रहेगा किल-कोरोना अभियान-2

भोपाल, (प्रस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में गांव-गांव और घर-घर जाकर स्पेशल फीवर स्क्रीनिंग के लिसकिल-कोरोना अभियान-2 चलाया जा रहा है। विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां संक्रमण की दर अधिक है, वहां प्राथमिकता से सर्वे टीम पहुंच कर संभावित मरीजों की पहचान कर रही है।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने दी जानकारी

श्री चौहान ने कहा कि गत 24 अप्रैल से प्रारंभ हुए किल-कोरोना अभियान-2 के लिए 15,308 सर्वे टीमें गठित की गई हैं। सर्वे टीमों द्वारा अभी तक दो करोड़ 29 लाख 51 हजार 135 से अधिक जनसंख्या का सर्वे पूरा कर लिया गया है। सर्वे के दौरान 84,148 से अधिक संभावित मरीजों के सैंपल लिए गए हैं। अभियान नौ मई तक चलेगा।

**21,584 ग्राम पंचायतों ने लिया जनता कोरोना कर्फ्यू लगाने का संकल्प**

प्रदेश की 22,811 ग्राम पंचायतों में से 21,584 ग्राम पंचायतों ने जनता कोरोना कर्फ्यू लगाने का संकल्प लिया है, जो कुल पंचायतों की लगभग 94.62 प्रतिशत है। अत्यावश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी सरकारी और निजी कार्यालय 10 प्रतिशत उपस्थिति के साथ संचालित हो रहे हैं। सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक खेल, शैक्षणिक, सार्वजनिक कार्यक्रम और मनोरंजन की गतिविधियों आयोजित करने के लिए लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबन्ध रखा गया है।

## 80 लाख से अधिक का हुआ टीकाकरण

प्रदेश में टीकाकरण का कार्य भी जारी है। अब तक प्रदेश के हेल्थ वर्कर्स फ्रंट लाईन वर्कर्स, वरिष्ठ नागरिक एवं 45 वर्ष से अधिक के लगभग 80 लाख 69 हजार से अधिक लोगों का टीकाकरण हो चुका है। प्रदेश के 3 करोड़ 22 लाख से अधिक नागरिकों को टीका लगेगा। सरकार इस कार्य पर लगभग 2710 करोड़ रुपये खर्च करेगी। कोविशील्ड वैक्सीन के 45 लाख डोज का कार्यादेश जारी कर दिया गया है।

**कोरोना वॉलेंटियर्स की संख्या एक लाख के पार:** प्रदेश भर में कोरोना वॉलेंटीयर्स की संख्या अब एक लाख 8 हजार 375 से भी अधिक हो गयी है। सभी वॉलेंटीयर्स सरकार के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर कोविड नियंत्रण में जन- जागरूकता के कार्यों में अहम योगदान दे रहे हैं। अलीराजपुर जिले में 1616 वॉलेंटियर्स का पंजीयन किया गया है। जिले के विकासखण्ड जोबट में वॉलेंटियर्स द्वारा नगरवासियों को सर्व-सुविधा युक्त एंबुलेंस वाहन भेंट किया गया है। एंबुलेंस से हाल ही में ऑक्सीजन के 7 सिलेंडर इंदौर से जोबट पहुंचाए जा सके। जीवन अमृत योजना में 8 अप्रैल 2021 से अब तक प्रति परिवार एक लाख 16 हजार 979 काढ़े के पैकेट वितरित कर दो लाख 92 हजार 448 लोगों को लाभान्वित किया गया है।

**योग से निरोग कार्यक्रम** : कोरोना संकट काल में राज्य सरकार ने नवाचार कर योग से निरोग कार्यक्रम प्रारंभ किया है। प्रदेश अब तक 2,918 योग प्रशिक्षक पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से 2 हजार 531 योग प्रशिक्षकों की 25 हजार 233 होम आइसोलेटेड मरीजों के साथ मैपिंग की गयी वर्तमान में कुल 2,390 योग प्रशिक्षक 15 हजार 146 होम आईसोलेटेड मरीजों को योगाभ्यास आदि ऑनलाइन करवा रहे हैं।

## सरकार ने लिये दो महत्वपूर्ण निर्णय

- राज्य सरकार ने संकट की इस घड़ी में किसान भाइयों को खरीफ 2020 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि को 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 मई किए जाने संबंधी आदेश जारी कर दिया है।
- कोविड महामारी से आम जनता को हो रही परेशानी को देखते हुए राज्य शासन ने दस्तावेजों के पंजीयन के लिए वर्ष 2021 की प्रभावी बाजार मूल्य गाइडलाइन की समयावधि को 30 जून तक बढ़ाए जाने के आदेश जारी किया गया है।

3-5-2021

(15)

### संभाग में सबसे ज्यादा मौत रतलाम में, 1 दिन में 345 मरीजों की पुष्टि

# जिले में कोरोना से मौत का आंकड़ा पहुंचा 200 के पार

3-5-2021

रतलाम @ पत्रिका. जिले में कोरोना मरीजों की मौत का आंकड़ा थमने का नाम नहीं ले रहा है। उज्जैन संभाग में सबसे ज्यादा मौतें रतलाम जिले में हो रही हैं। रविवार को कोरोना से मौत का आंकड़ा 200 के पार जा पहुंचा है। लगातार बढ़ती मौत के पीछे वजह हर कोई स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही बता रहा है। जिसके चलते रतलाम जैसे छोटे शहर में उज्जैन जिले से भी 50 मौत अधिक हुई है जबकि उज्जैन जिला रतलाम से जनसंख्या और क्षेत्रफल दोनों ही दृष्टि से काफी बड़ा है।

रतलाम में मौत का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है और इसे रोकने में स्वास्थ्य विभाग का अमला नाकाम हो रहा है। ऐसा नहीं है कि रतलाम में उज्जैन जिले के मुकाबले मरीजों की संख्या अधिक है इसलिए हमारे यहां एक्टिव केस और मौत के मामले बढ़ रहे हैं। रतलाम के मुकाबले उज्जैन जिले में संक्रमितों की संख्या भी अधिक है लेकिन वहां पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर ढंग से कार्य किए जाने के चलते मरीजों की जान बच रही है। इधर जिले में पहली बार 1 दिन में 345 कोरोना मरीजों की पुष्टि, एक मरीज की मौत के साथ मृतकों का आंकड़ा पहुंचा 200 के पार हो गया।



**संभाग के किस जिले में कितनी मौत**

| रतलाम | नीमच | देवास | आगर मालवा |
|---|---|---|---|
| 199 | 084 | 041 | 047 |
| **उज्जैन** | **मंदसौर** | **शाजापुर** | |
| 150 | 054 | 032 | |

विभाग से मिले आंकड़े

### अस्पताल पहले शुरू होता तो मिलती सुविधाएं

रतलाम में मेडिकल कॉलेज बने 3 साल बीत चुके हैं लेकिन आज तक यहां का अस्पताल शुरू नहीं हो सका। मेडिकल कॉलेज का अस्पताल शुरू होता उसके पहले कोरोना देशभर में पैर पसार लिए थे जिसके चलते आनन-फानन में रतलाम सहित आसपास के जिलों के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए मेडिकल कॉलेज में कोविड हॉस्पिटल की शुरुआत की गई लेकिन यहां भर्ती मरीज अब व्यवस्थाओं को देख घबराने लगे हैं।

### क्यों बढ़ रही मौतें, इसका नहीं जवाब

मेडिकल कॉलेज जहां पर भरपूर चिकित्सक और स्टाफ है, उसके बाद भी यहां पर भर्ती होने वाले मरीजों की मौत के आंकड़े में लगातार इजाफा हो रहा है, इसके पीछे क्या कारण है, इस बात का जवाब किसी के पास नहीं है। हालात किस कदर बिगड़ चुके हैं इसका अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि पिछले 1 साल में जितनी मौतें नहीं हुई, उससे अधिक मौत महज 30 दिन में हो चुकी है।

पत्रिका 3-5-2021

### मेडिकल कालेज में 64 नए मरीज भर्ती, पेंडिंग सैंपलों की संख्या अब भी दो हजार से ज्यादा

# मई भी खतरनाक : 345 नए मरीज और एक की मौत

3-5-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में कोरोना संक्रमण की भयावह स्थिति निर्मित हो गई है। कोरोना का कहर अप्रैल के बाद मई में भी घातक सिद्ध हो रहा है। पहले ही दिन 325 नए संक्रमितों की संख्या ने सभी को चिंता में डाल दिया, वहीं दूसरे दिन 345 नए मरीज मिले। एक मौत भी हुई। 293 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 1866 है।

मई के दो दिन में कुल 670 नए संक्रमित सामने आए हैं और 602 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। छह मौत हुई है। पेंडिंग सैंपलों की संख्या भी 2000 से ज्यादा ही बनी हुई है। जिले में लोगों के स्वास्थ्य की जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। सैंपलिंग बढ़ाने के बाद कुछ दिनों में पाजिटिविटी रेट कम होने की संभावना है।



**368 लोगों को स्वस्थ होने की खुशी**

कोरोना से संक्रमित 368 लोगों को रविवार को स्वस्थ होने की खुशी मिली। इन्हें स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। शासकीय मेडिकल कालेज रतलाम से व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया। इसी प्रकार होम आइसोलेशन से 262 व्यक्तियों को रिपोर्ट निगेटिव आने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया। रतलाम स्थित श्रद्धा हास्पिटल, आरोग्यम हास्पिटल, सिविल हास्पिटल से एक-एक, रतलाम हास्पिटल से चार, जीडी हास्पिटल, जनक हास्पिटल, गायत्री हास्पिटल, सीएचएल हास्पिटल से दो-दो, रेलवे हास्पिटल से तीन तथा अन्य सेंटर से आठ व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया। डिस्चार्ज होने के बाद सभी ने कोविड निर्देशों का पालन करने तथा अपने परिचितों, स्वजनों को मास्क लगाने, पर्याप्त दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया।

डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मेडिकल कालेज में 64 नए मरीज भर्ती हुए। रविवार की स्थिति में मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550, आइसीयू बेड 56 सभी फुल, एचडीयू में 172 बेड सभी फुल, आक्सीजन बेड 120 सभी फुल है। नान आक्सीजन बेड 202 में से 96 पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 444 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती है। इनमें 296 पाजीटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। कुल पाजिटिव डैथ छह हुई। इसमें रतलाम की चार, धार व झाबुआ की एक-एक शामिल है। हास्पिटल में रिक्त बेड 106 है। उन्होंने बताया कि मरीजों व उनके स्वजनों को सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए किए जा रहे प्रयासों में निरंतर वृद्धि की जा रही है।

### आक्सीजन सिलिंडर सप्लाय निरंतर जारी

मेडिकल कालेज में उपचाररत मरीजों को किसी भी प्रकार से आक्सीजन की कमी ना हो इस हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार मालवा व महावीर आक्सीजन से सिलिंडर मेडिकल कालेज में पहुंचाने का कार्य प्रतिदिन निगम आयुक्त द्वारा नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही इस कार्य पर सतत निगरानी भी रखी जा रही है।

### होम आइसोलेशन के 112 मरीजों को मेडिसिन किट का वितरण

ई-दक्ष केंद्र से रविवार को होम आइसोलेशन के मरीजों की सूची स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह ने प्राप्त कर जिला अस्पताल के स्टोर से 142 मेडिसिन किट प्राप्त कर निगम के अग्निशमन विभाग में उपलब्ध कराई। अग्निशमन विभाग से वार्ड वार गठित दलों को वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई। वार्ड वार गठित दलों द्वारा होम आइसोलेशन के मरीजों के घर-घर जाकर मेडिकल किट का वितरण किया गया सूची अनुसार 112 मरीजों को मेडिकल किट का वितरण घर-घर जाकर किया गया। 11 मरीज उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती होना पाया गया। पांच मरीजों के कांटेक्ट नंबर व पते गलत पाए गए। नौ मरीज नगरीय सीमा क्षेत्र के बाहर से होना पाया गया। 10 मरीजों को पूर्व से ही मेडिसिन किट प्राप्त होना पाया गया।

### 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों आज लगेंगे

जिले में सोमवार को 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का कोविड टीकाकरण किया जाएगा। शहर के लायंस हाल रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पावर हाउस रोड, आंबेडकर भवन नगर परिषद परिसर आलोट, रेडक्रास सोसाइटी परिसर मीटिंग हाल जावरा पर टीके लगाए जाएंगे। इन सत्रों में 45 वर्ष से अधिक आयु के लोग अपनी जन्म तारीख दर्शाने वाली आइडी के आधार पर आनस्पाट बुकिंग कराकर कोविड का टीकाकरण करा सकेंगे। इसके अतिरिक्त न्यू कलेक्टोरेट परिसर पर फ्रंटलाइन वर्कर्स को को-वैक्सीन का दूसरा डोज लगाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में प्राप्त दिशा निर्देशानुसार 18 से 45 वर्ष आयु समूह के लोगों का टीकाकरण आगामी निर्देश प्राप्त होने के उपरांत ही किया जाएगा।

नईदुनिया 3-5-21

# संक्रमण को आमंत्रण : अस्पताल से कुछ ही दूर फैला है मेडिकल वेस्ट, रहवासियों की आफत बढ़ी



रतलाम | कल्याण नगर के पास जीत मल अग्रवाल अस्पताल से थोड़ी ही दूर मेडिकल वेस्ट पड़ा हुआ है। यहां रोज ही मेडिकल वेस्ट बिखरा रहता है। इससे आसपास के रहवासी परेशान हैं। ये स्थिति तब है जब नगर निगम स्वच्छता अभियान चला रहा है। रहवासियों ने इसके लिए नगर निगम को शिकायत कर कचरा हटाने की मांग की है।

दै० भास्कर 3-5-2021



# जरूरी दवा, इंजेक्शन, उपकरण की कमी कर रही बेचैन

## कोरोना कहर : मई के पहले ही दिन मिले 300 से अधिक मरीजों ने बढ़ाई चिंता

3-5-21


रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना संक्रमण काल में वर्ष 2021 में अप्रैल के बाद मई की शुरुआत भी ठीक नजर नहीं आ रही है। मई के पहले ही दिन 300 से अधिक नए संक्रमित सामने आने से चिंता काफी बढ़ गई है। संक्रमितों की बढ़ती संख्या के बीच जरूरी दवाओं, इंजेक्शन,




आक्सीजन सहित मेडिकल उपकरणों की कमी बनी हुई है। संक्रमितों के स्वजन जरूरी दवाओं के लिए मुंह मांगी कीमत चुकाने के लिए तैयार है, फिर भी उन्हें पर्याप्त मात्रा में दवा-इंजेक्शन आदि सामग्री नहीं मिल पा रही है। इससे मरीज गंभीर स्थिति में पंहुच रहे हैं।

बड़ी तेजी के साथ भाप की मशीन, आक्सी पल्स मीटर, नैबुलाइजर व थर्मामीटर की मांग बढ़ गई है।

दवा व्यवसायियों के अनुसार भाप मशीन व आक्सी पल्स मीटर की अभी भी मांग लगातार बनी हुई है। इन दोनों के साथ ही थर्मामीटर की मांग भी पहले की तुलना में काफी बढ़ गई है। मांग बढ़ने का प्रभाव यह भी देखा जा रहा है कि बीते साल की अपेक्षा भाप की मशीन की कीमत में 20 से 30 फीसद तक का इजाफा हो गया है। 300-400 रुपये तक मिलने वाली भाप मशीन इन दिनों 450 से 600 रुपये में उपलब्ध हो पा रही है। 700 से 900 रुपये में मिलने वाला आक्सी पल्स मीटर भी 1400 से 2500 रुपये में बिक रहा है।



### भीड़ लगाने से बचें, मास्क लगाएं, शारीरिक दूरी रखें



दिनेश पाटीदार

मास्क नहीं लगाने वालों पर अब और भी सख्त कारवाई करनी चाहिए। हालात बहुत गंभीर है। कोरोना कर्फ्यू में भी लोग बाहर घूम रहे है। प्रशासन को सख्ती बढ़ाना चाहिए।

–दिनेश पाटीदार (काग), किराना व्यापारी एवं युवा किसान, शेरपुर



पूजा गंगवाल

कोरोना से दम तोड़ रहे लोगों की संख्या प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसका प्रमुख कारण लापरवाही ही है। टीकाकरण केंद्र पर पात्र लोग टीका लगवाने ही नहीं जा रहे है। कोरोना की तीसरी लहर को रोकना है तो वैक्सीनेशन जरूरी है। कोरोना भीड़ भाड़ वाले इलाको से ज्यादा फैलता है। अतः भीड़ में जाने से बचें व कोविड-19 के नियमों का पालन करें।

– पूजा गंगवाल, गृहिणी, आजादचौक जावरा




संजयसिंह चौहान

जिस तरह से कोरोना के मरीज बढ़ रहे है। उससे डर का माहौल भी बन रहा है। लोगों को अब गंभीरता दिखाना चाहिए। बाहर निकलते समय मास्क और दो गज की दूरी का पालन करना चाहिए।

– संजयसिंह चौहान, शेरपुर



कोरोना महामारी से डरना नहीं, डटकर मुकाबला करना है। मास्क अवश्य लगाए। सैनिटाइजर का उपयोग करते



### जिले में कोरोना की अब तक की स्थिति

कुल सैंपल

125480

पाजिटिव

# गीला और सूखा कचरा सीधे जुलवानिया ले जाया जाएगा

रतलाम | निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से गीले और सूखे कचरे को ट्रांसफर स्टेशनों पर नहीं ले जाते हुए सीधे जुलवानिया प्रोसेसिंग यूनिट पर ले जाया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी, जोन प्रभारी, वार्ड प्रभारी, कचरा संग्रहण वाहन के ड्राइवर व हेल्परों को निर्देशित किया कि वे 2 मई रविवार से घर-घर से एकत्रित किए गए गीले एवं सूखे कचरे को पृथक-पृथक अवस्था में ट्रांसफर स्टेशनों पर नहीं ले जाते हुए सीधे जुलवानिया प्रोसेसिंग यूनिट पर ले जाएं। जहां कचरे का वजन करने के बाद गीला व सूखा कचरा अलग- अलग डालें। यहां सूखे कचरे से पुस्टा, अखबार, लोहा, कपड़ा, शॉल, कांच, पैकिंग मटेरियल, टूटे खिलौने, प्लास्टिक को अलग करें। आयुक्त ने कहा यदि कोई भी कर्मचारी ट्रांसफर स्टेशन पर कचरा डालते मिला तो बर्खास्त किया जाएगा।